an>

Title: Regarding setting up of an Ayurvedic Hospital in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): हम सभी यह भली भांति जानते है की दुनियाभर में आयुर्वेद को काफी ऊंचा स्थान दिया गया है I आयुर्वेद पांच हजार साल पुरानी चिकित्सा पद्धति है, जो हमारी आधुनिक जीवन शैली को सही दिशा देने और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी आदतें विकसित करने में सहायक होती है । इसमें जड़ी बूटि सहित अन्य प्राकृतिक चीजों से उत्पाद, दवा और रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल होने वाले पदार्थ तैयार किए जाते हैं I साथ ही आयुर्वेद में किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या के मूल कारण का पता लगाकर उसे जड़ से खत्म करने पर काम किया जाता है । यही कारण है कि भारत के अलावा आज विश्व भर के लोग आयुर्वेद चिकत्सा पद्धति की और आकर्षित हो रहें हैं I हमने यह भी देखा कि कोरोना काल में किस प्रकार भारत की आयुर्वेदिक दवाइयों और चिकित्सा ने विश्व को आकर्षित किया और पूरे संसार ने आयुर्वेद की महिमा को पहचान लियाI महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के निवासी भी आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहते है, परन्तु बनासकांठा में कोई भी आयुर्वेदिक दवाखाना अथवा अस्पताल नहीं होने की वजह से उनको क्षेत्र से बाहर जाकर इलाज एवं दवाइयों की व्यवस्था करनी पड़ती है, इसके लिए क्षेत्रवासी मुझसे निरंतर मांग करते रहते हैं कि बनासकांठा में भी एक आयुर्वेदिक अस्पताल खोला जाना चाहिए I इसलिए मैं माननीय आयुष मंत्री जी से मांग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में जल्द से जल्द एक आयुर्वेद अस्पताल खुलवाने की कृपा करें जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों को सुलभ उपचार मिल सकेI